ISWP

# तार समाचार

जनवरी–मार्च 2017



The Indian Steel & Wire Products Limited
A Subsidiary of TATA Steel Limited




# प्रबंध निदेशक की कलम से

प्रिय साथियों,

मैं आपको और आपके समस्त परिवार को नव बर्ष की हार्दिक शुभकामनायें देता हूँ, एवं कामना करता हूँ की आप सभी का जीवन सुरक्षित और मंगलमय हो। मेरे लिए आपकी सुरक्षा सर्वप्रथम है। सुरक्षा की दृष्टि से यह वर्ष हमारे लिए अच्छा रहा जिसमे हमने शून्य LTI के लक्ष्य को हासिल किया है। मैं इस अभूतपूर्व सफलता के लिए ISWPL के सभी कर्मचारियों और उनके परिवार को बधाई देता हूँ।

मैं आप सभी को अत्यंत प्रसन्नता के साथ यह बताना चाहता हूँ की इस तिमाही में ISWPL को दो प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुए है – CII, HR Excellence award for significant achievement और TAAP 2016 Assessment में ISWPL को दो score band का jump मिला है, यह दोनों सम्मान हमारे कंपनी के लिए बहुत महत्पूर्ण है और यह उपलब्धि हमारे कर्मचारियों की कड़ी मेहनत के कारण संभव हो पाया है। हमने पर्यावरण के क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किया है। जल संरक्षण की दिशा में कार्य करते हुए हमने जल के खर्च को 91 ThKL से कम करके 68ThKL का लक्ष्य हासिल किया है।

मैं इस सराहनीय कार्य के लिए सम्बंधित विभाग के कर्मचारियों एव टाउन वासियों को धन्यवाद देता हूँ और आशा करता हूँ की आगे भी आप का सहयोग मिलता रहेगा। मुझे यह पूर्ण विश्वास है की ISWPL की टीम मिलकर भविष्य की सभी चुनौतियों का सामना करेंगे और नई उचाईयों की ओर अग्रसर होंगे।



## आई.एस.डब्ल्यू.पी में नव वर्ष का केक कटा

नए साल का स्वागत कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री नीरज कान्त एंव यूनियन के अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडेय ने जनरल ऑफिस के सभास्थल पर केक काटकर किया। उन्होंने कर्मचारियों एव उनके परिजनों को नव वर्ष की शुभकामनाएँ दी एवं उम्मीद जताई की यह वर्ष सभी के जीवन में नया प्रकाश लाएगा। इस कार्यक्रम में कंपनी के सभी पदाधिकारी, यूनियन के अधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।



## आई.एस.डब्ल्यू.पी एवं जेम्को में गणतंत्र दिवस मनाया गया

ISWP एवं जेम्को में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री नीरज कान्त ने सर्वप्रथम ISWP परिसर में गार्ड की सलामी ली और फिर राष्ट्रीय ध्वज फहराया । जेम्को में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कंपनी के अधिकारी, यूनियन के सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।






## सुझाव योजना संबंधी गतिविधियां

सुझाव योजना को बढ़ावा देने के लिए TQM डिपार्टमेंट द्वारा प्रत्येक तिमाही में सबसे ज्यादा सुझाव देने वाले कर्मचारियों को कंपनी प्रबंध निदेशक के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाता है । इस वर्ष के प्रथम तिमाही में (विनोद कुमार (रोड मील) देबाशीष रक्षित (सेक्युरटी) आर डी प्रधान (सेक्युरटी) जय प्रकाश (सेक्युरटी) रत्नेश रॉय (जेम्को) को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

इसका मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में सुझाव देने की प्रवृति को बढ़ाना है, क्योंकि प्रत्येक कर्मचारी का सुझाव कंपनी के लिए अनमोल है ।



## सुझाव योजना संबंधी गतिविधियां

प्रत्येक वर्ष INSSAN संगठन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष INSSAN द्वारा 27वां वार्षिक समारोह जमशेदपुर के Alcor Hotel में 20-21 जनवरी 2017 को आयोजन किया गया। इस समारोह में 40 से ज्यादा नामचीन कम्पनियों के 300 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

जिसमे TQM विभाग में कार्यरत सुजाता मित्रा को स्लोगन प्रतियोगिता में मेरिट एव कविता प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।






सुझाव योजना के सम्बन्ध में कर्मचारियों को जागृत करने के लिए TQM सदैव प्रयास करता रहा है। इस दिशा में फरवरी माह में हुए रॉड मिल के मॉस मीटिंग में श्री जे. के. सिंह (वाईस प्रेसिडेंट) द्वारा इम्पलिमेंटेड सुझाव से सम्बंधित सुझावकर्ताओं को कैश अवार्ड द्वारा पुरिस्कृत किया गया।

## उड़ान द्वारा आयोजित कार्यक्रम

ISWP महिलाओं को सदैव स्वाधीनता एवं सकारात्मक सोच के साथ काम करने के लिए प्रेरित करता है। इस संदर्भ में एक 'उड़ान' नामक पहल की गठन किया है। इसके अंतर्गत महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 3 फरवरी को ऑफिसर क्लब में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हमारे संगठन की महिला कर्मचारियों ने बड़ी मात्रा में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



## TPM की गतिविधियां

TPM की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रत्येक तीन महीने में TPM कंसलटेंट (कोजो मिजोटा) द्वारा कंपनी में दौरा किया जाता है इस मार्च माह में तीन दिन के दौरे में सारे प्लांट का भ्रमण किया और कार्यशाला के माध्यम से कर्मचारियों के अच्छे प्रयास को सराहा एव कमियों को सुधारने के लिए उचित दिशानिर्देश दिये । उन्होंने सभी विभाग के प्रगति का आंकलन किया एव प्लांट मैनेजमेंट पर विशेष धयान देने की सलाह दी । स्टेयरिंग कमिटी को अगले विजिट के लिए कार्य दिया एव TPM संबंधी अपने विचार व्यक्त किये ।





## संस्थापक जयंती का आयोजन

जमशेद जी नसरवानजी टाटा के 178वीं जयंती के उपलक्ष में टाटा स्टील में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । इस कार्यक्रम में विभिन्न कंपनी के प्रबंध निदेशक के साथ कर्मचारियों की टीम शामिल थी । हमारे कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत द्वारा जे.एन. टाटा के प्रतिमा पर पुष्प देकर कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पण की ।



# महिला दिवस का आयोजन



महिला दिवस महिलाओं का सम्मान करने और उनकी उपलब्धियों का उत्सव मनाने का दिन है।व्यवाहरिक जगत के सभी क्षेत्रों में उन्होने कीर्तिमान स्थापित किये हैं। अपने अदभुत साहस, अथक परिश्रम तथा दूरदर्शी बुद्धिमत्ता के आधार पर विश्वपटल पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहीं हैं। महिलाओं के इस लगन को आई एस डब्लू पि एल सलाम करती है ।

इस सन्दर्भ में महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन ISWPL में दिनांक 8 मार्च 2017 को नॉलेज सेंटर में किया गया । इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं के मनोरंजन के लिए सिनेमा एवं स्वादिष्ट व्यंजन का आयोजन किया गया था ,बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम की रौनक बढ़ा दी । सभी महिलाओं ने इस कार्यकम का लुफ्त उठाया, कार्यक्रम की समाप्ति महिला कर्मचारियों को उपहार दे कर किया गया ।

# एथिक्स एवम पॉश




कंपनी सदैव नैतिकपूर्ण ढंग से काम करने के लिए प्रेरित करती है यदि कोई व्यक्ति अनैतिकतापूर्ण कार्य करते हुए दिखता है तो इस सम्बन्ध में कंपनी के नीति सलाहकार श्री जे के सिंह से संपर्क करे

ईमेल : ( jitendrakumar.singh@tatasteel.com) इसके अलावा एक टोल फ्री नंबर - 18001032931

आप बिना किसी संकोच के अपने अवलोकन को बता सकते है बताने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा ।

हमारी कंपनी में अनेक महिला कर्मचारी है, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी प्रत्येक व्यक्ति की है । कंपनी महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पॉश (POSH) नामक कमिटी का गठन किया है, जिसके अन्तर्गत यदि किसी महिला को यौन उत्पीडन संबंधी समस्या होती है तो वह पॉश अध्यक्षा श्रीमती मनप्रीत श्रीवास्तव से संपर्क करती है। संपर्क करने का माध्यम - ईमेल : (posh@iswp-co-in)

# सुरक्षा संबंधी गतिविधियां

ISWP में रोड सेफ्टी वीक 9-15 जनवरी 2017 को मनाया गया । सुरक्षा विभाग के द्वारा सदैव दुर्घटना को कम करने का प्रयास किया जाता है । सुरक्षा विभाग ने इस वर्ष एक नई पहल करते हुए रोड सेफ्टी वीक के दौरान कार्टून चरित्र (मोटू, पतलू, छोटा भीम एव डोरेमोन) के द्वारा यह संदेश देने का प्रयास किया गया । कर्मचारियों को इस बात से जागरूक कराया गया की पैदल चलने वालों को पाथ - वे (Pathway) का प्रयोग करना चाहिए, इससे दुर्घटना से बचा जा सकता है ।







# सेफ्टी मंथ का आयोजन

ISWP एवं जेम्को में मार्च सेफ्टी माह के रूप में मनाया जाता है। 6 मार्च को इस माह की शुरुआत प्रबंध निदेशक द्वारा ध्वज आरोहण के साथ किया गया। सभी कर्मचारियों को सेफ्टी माह से संबंधित जानकारी दी गई। हमारे प्रबंध निदेशक का संदेश यही था कि कंपनी के लिए कर्मचारियों की सुरक्षा सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रबंध निदेशक के द्वारा खतरे की पहचान प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। प्रबंध द्वारा यह निर्धारित किया गया कि विजेताओं को पुरस्कार के तौर पर सह परिवार बनारस जाने का अवसर प्राप्त होगा। सेफ्टी माह के अंतर्गत क्वीज, स्लोगन, पोस्टर,एस.ओ.पी, बेस्ट प्रैक्टिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।













# वातावरण

LED लाइट का प्रयोग करें और हमेशा उर्जा एवं पैसे की बचत करें।




जब उपयोग न हो उस समय लाइट का स्वीच बंद रखें और उर्जा संरक्षण में मदद करें।




जब दांतों पर ब्रस कर रहे हों नल को बंद रखें । बहते पानी में सब्जियाँ धोने की जगह बर्तन में धोए । अपने पाइप या नल के रिसाव को तुरंत बंद करें ।




प्लास्टिक बैग का प्रयोग न करें। पॉलिथीन से बचें अपने पास थैला रखें। प्लास्टिक को फेंकें नहीं इसे जमा करें और उसे नगरपालिका को वापस कर दें ।




# सुरक्षा

गोलचक्कर कैसे पार करना है यह अवश्य जानें । दायीं ओर की गाड़ी को पहले जाने दें ।




गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें और पीछे बैठें व्यक्ति को भी सीट बेल्ट लगाना आवश्यक है ।




दो पहिया वाहन चलाते समय क्रैस हेलमेट का प्रयोग करें । यह भी सुनिश्चित करें कि आपके पीछे बैठा सवार भी क्रैस हेलमेट अवश्य पहने हो । यह सुनिश्चित करें कि बच्चे भी वाहन चलाते समय क्रैस हेलमेट अवश्य पहनें ।



अपने वाहन की गति निर्धारित गति सीमा के अर्न्तगत रखें ।

अपने बच्चों को धीरे गाड़ी चलाना सिखाएँ ।




# स्वास्थ्य

गर्मी शुरू है, तापमान चरम पर रहेगा । स्वस्थ रहने एवं उष्मा तनाव (हीट स्ट्रोक) और लू से बचने के लिए हमेशा जलयुक्त (हाइड्रेटेड) रहें । अत्याधिक तरल पदार्थ का सेवन करें, उष्मा अवशोसन से बचने के लिए हल्के कपड़ों का प्रयोग करें ।




हमारी पत्रिका **"तार समाचार"** आपको कैसी लगी ? आप अपने सुझाव TQM विभाग में भेज सकते हैं। ईमेल : tqm@iswp.co.in / rakesh.babu@iswp.co.in
मुद्रित : **स्टील सिटी प्रेस लि0**